दिनांक 18.04.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव- पहला चरण

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरे जोरों पर है। इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर चुनाव होगा। इस चरण में एक हजार छह सौ पच्चीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो गया।

पहले चरण में प्रदेश की 6 सीटों छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला जबलपुर सीधी और शहडोल के लिए मतदान होगा । राज्य निर्वाचन आ□ोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बता□ा कि मतदान प्रक्रि□ा सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी। बालाघाट संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा।

छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के अंतर्गत छिंदवाड़ा और चौरई के लिए मतदान दलों को ईवीएम मशीन एवं मतदान सामग्री का वितरण शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में किया गया. शहडोल जिले के 966 मतदान केंद्रों पर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पॉलिटेक्निक परिसर में सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री वितरित किया जा रहा है। टीकमगढ के शासकीय कृषि महाविद्यालय में आज माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

सीडीएस - अंतरिक्ष

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने विश्वास व्यक्त किया है कि अंतरिक्ष क्षेत्र भविष्य में हवाई, समुद्री और जमीनी युद्धों को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में युद्ध की अवधारणाएं अभी विकसित और परिपक्व नहीं हुई हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने आज नई दिल्ली में भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र का □स्तेमाल मानवता के लाभ के लिए किया जाना चाहिए।तीन दिन की □स संगोष्ठी में शीर्ष सैन्य अधिकारी, नीति निर्माता, वैज्ञानिक और प्रमुख उद्योगपति रक्षा अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण के लिए एक रोडमैप को आकार देने के बारे में चर्चा कर रहे हैं ।

मौसम विभाग-लू चलना

मौसम विभाग ने गर्मियों में लू चलने की आशंका के मद्देनजर लोगों से सावधानी बरतने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। हालाँकि अभी उत्तर भारत में लू चलने के आसार नहीं हैं।

इधर, प्रदेश में एक बार फिर बारिश और आंधी का दौर शुरू होगा। कल से फिर प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। उत्तर भारत में आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर प्रदेश में देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ की

वजह से कल से 21 अप्रैल के बीच 21 जिलों में मौसम बदलेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन भी भीगेंगे। हालाँकि बीते दो दिनों से प्रदेश का मौसम साफ बना हुआ है। इससे कई जिलों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। लगातार दूसरे दिन धार जिला सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 41 दशमलव 7 डिग्री दर्ज किया गया। बैतूल में पिछले 6 दिन में अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियत बढ़कर 39.5 पर पहुंच गया जो इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

चुनाव चौथा चरण

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में आज अधिसूचना जारी होगी और इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में चार चरणों में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। दो चरणों के नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और तीसरे चरण की नामांकन की प्रक्रिया जारी है। वहीं चौथे चरण में आज से नाम नामांकन पत्र भरे जाएंगे। चौथे चरण में देवास, उज्जैन ,मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खण्डवा में मतदान होगा ।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व महापौर सुनील सूद भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके साथ पार्षद प्रियंका मिश्रा और कई समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

2. धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टी□ द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। आज सर्वे का 28 वां दिन है। और

3. आगरमालवा जिले से चयनित दो उप स्वास्थ्य केन्द्र पालड़ा और छापरिया का निरीक्षण केंद्र सरकार के दल द्वारा 22 और 23 □प्र□ल को किया जाएगा।